इकाई प्रश्न पत्र 1

1. भाषा और लिपि को स्पष्ट कीजिए।

भाषा भावों और विचारों के आदान-प्रदान का साधन है तथा लिपि मुँह से निकली ध्वनियों के लिखित चिह्न होते हैं। प्रत्येक भाषा की अपनी अलग लिपि होती है।

2. निम्नलिखित व्यंजनों का सही वर्ग कौन-सा है?

(क) श	–	ऊष्म	✓	अंतस्थ	☐	संयुक्त	☐
(ख) क्ष	–	ऊष्म	☐	अंतस्थ	☐	संयुक्त	✓
(ग) ह	–	ऊष्म	✓	अंतस्थ	☐	संयुक्त	☐

3. संयुक्त व्यंजन और संयुक्त अक्षर में क्या अंतर होता है? लिखिए।

दो भिन्न वर्णों के योग से बने नए वर्ण को संयुक्त व्यंजन कहते हैं, जैसे– क् + ष = क्ष, त् + र = त्र, ज् + ञ = ज्ञ तथा श् + र = श्र ये संयुक्त व्यंजन हैं।

संयुक्त अक्षर दो भिन्न वर्णों को एक साथ जोड़कर लिखे जाते हैं, जैसे– स्त– रास्ता, द्य – विद्या आदि।

4. रूढ़, यौगिक और योगरूढ़ शब्दों का एक-एक उदाहरण देकर अंतर स्पष्ट कीजिए।

रूढ़ – एक ही वस्तु या अर्थ के लिए रूढ़ हो गए शब्द – नल, पतंग, चरखा आदि।

यौगिक – दो या अधिक मूल शब्दों के योग से बने शब्द – बैलगाड़ी, सत्यकथा आदि।

योगरूढ़ – एक वस्तु या व्यक्ति के लिए रूढ़ हो गए यौगिक शब्द – नीलकंठ, लंबोदर आदि।

5. दिए गए तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए।

(क) क्षेत्र – **खेत** (ख) मयूर – **मोर**

(ग) दधि – **दही** (घ) श्वेत – **सफ़ेद**

6. ऐसे दो उदाहरण दीजिए जिनमें जातिवाचक संज्ञा का प्रयोग व्यक्तिवाचक संज्ञा के रूप में हुआ हो।

नेताजी, बापू

7. **ऐसे दो शब्द दीजिए जिनको हमेशा स्त्रीलिंग के रूप में प्रयोग किया जाता हो।**

होली शक्ति

8. **सदा बहुवचन के रूप में प्रयुक्त होने वाले दो शब्द लिखिए।**

हस्ताक्षर प्राण

9. **कारक चिह्न के लिए और कौन से दो अन्य नाम प्रयोग में लाए जाते हैं?**

परसर्ग विभक्ति

10. **निम्नलिखित में सर्वनाम के सही भेद की पहचान कीजिए।**

(क) वह घर से बाहर जाएगी।	निजवाचक	☐	पुरुषवाचक	☑
(ख) मैं अपने आप पढ़ूँगी।	निश्चयवाचक	☐	निजवाचक	☑
(ग) उधर कोई बैठा है।	प्रश्नवाचक	☐	अनिश्चयवाचक	☑

11. **विशेषण के भेद को पहचानिए।**

(क) तीन किलो टमाटर दो।	संख्यावाचक	☐	परिमाणवाचक	☑
(ख) दोनों बच्चे खेल रहे हैं।	परिमाणवाचक	☐	संख्यावाचक	☑
(ग) बुरे लोग किसे अच्छे लगते हैं?	गुणवाचक	☑	परिमाणवाचक	☐

12. **सकर्मक क्रिया के भेदों में अंतर लिखिए।**

सकर्मक क्रिया के दो भेद हैं– एककर्मक तथा द्विकर्मक क्रिया। एककर्मक क्रिया में केवल एक ही कर्म होता है, जैसे– रानी **कहानी** पढ़ाती है। (एक कर्म)

द्विकर्मक क्रिया में दो कर्म होते हैं, जैसे– रानी **मेघा को कहानी** पढ़ाती है। (दो कर्म)

13. **सही विकल्प चुनिए।**

(क) किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है?

(i) श्रीमती ☑ (ii) निरोग ☐ (iii) बिमारी ☐ (iv) स्वस्थ्य ☐

(ख) किस शब्द में 'ट-ठ' संबंधी अशुद्धि है?

(i) घनिष्ठ ☐ (ii) विशिष्ठ ☑ (iii) बलिष्ठ ☐ (iv) संतुष्ट ☐

(ग) 'ऋ' संबंधी अशुद्धि वाला शब्द छाँटिए–

(i) मातृ ☐ (ii) हृदय ☐ (iii) रितु ☑ (iv) ऋषि ☐